प्रादेशिक समाचार
29.05.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि पेपर लीक की घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और ऐसा नहीं होना चाहिए था। एक विशेष साक्षात्कार में श्री प्रधान ने आश्वासन दिया कि पुनर्परीक्षा प्रक्रिया उचित और व्यवस्थित तरीके से बिना किसी त्रुटि के संपन्न की जाएगी। उन्होंने इस कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने में सभी से सहयोग की अपील भी की।

****

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर एक अभूतपूर्व सफलता थी, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को चार दिन में ही युद्धविराम के लिए विवश कर दिया। यह भारत के अब तक लड़े गए सभी युद्धों से अलग था। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर स्मृति प्रकाशन जारी करते हुए यह बात कहीं। उन्होंने कहा कि यह प्रकाशन केवल ऐतिहासिक विवरण तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वीर सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को भी समाहित किया गया है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज झारखंड स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने रांची स्थित लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान श्री शुक्ल ने राज्यपाल को राज्य के अधिवक्ताओं से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने झारखंड में अधिवक्ताओं की सुरक्षा और अधिकारों को ध्यान में रखते हुए "अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम" लागू करने की दिशा में पहल किए जाने का आग्रह भी किया।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में सहयोग की अपील की है। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी मतदान केंद्रों पर अन–मैप्ड मतदाताओं की सूची प्रकाशित कर दी गई है। उन्होंने कहा कि आगामी 30 जून से बीएलओ घर–घर जाकर मैप्ड और अन–मैप्ड दोनों प्रकार के मतदाताओं को आंशिक रूप से भरे गणना प्रपत्र उपलब्ध कराएंगे। उन्होंने कहा कि दावा और आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 अक्तूबर 2026 को किया जाएगा।

****

झारखंड में राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। राज्यसभा की दो सीटों के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन में मंथन जारी है। कांग्रेस चाहती है कि दो सीटों में से एक सीट गठबंधन के सहयोगी दल के रूप में उसे मिले। इसी सिलसिले में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी आज रांची पहुंचे। कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर राज्यसभा चुनाव को लेकर चर्चा करेंगे और कांग्रेस की दावेदारी पेश करेंगे।

****

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने 108 एम्बुलेंस सेवा संचालन में तुष्टिकरण, कमीशनखोरी और वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य विभाग की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट में करोड़ों रुपये की गड़बड़ियों के खुलासे के बाद केवल इकरारनामा रद्द करना सरकार की जवाबदेही से बचने का प्रयास है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, स्वास्थ्य सचिव अजय सिंह समेत संबंधित अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच, प्राथमिकी दर्ज करने और पूरे मामले की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से जांच कराने की मांग की।

****

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के विशेष न्यायाधीश ओंकार नाथ चौधरी की अदालत ने छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी नवीन केडिया की विदेश यात्रा की अनुमति संबंधी याचिका खारिज कर दी है। नवीन केडिया ने अदालत में याचिका दाखिल कर लंदन जाने की अनुमति मांगी थी। मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने उनकी याचिका अस्वीकार कर दी।

********समाप्त********